# कार्यालय नगर निगम, उदयपुर (राज.)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

क्रमांकः– स्वा./ज./2018-19/66 दिनाँकः– 20.4.18

## आम सूचना

*निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी नोटिफिकेशन* क्रमांकः– एफ.1(ग)का/स.कर्म.भ./एस.एम.ई./एल.एस.जी./18/551–742 दिनाँक 13.04.18 के अनुसार पूर्व में भर्ती के लिये किये गये आवेदनों को 21.04.2018 तक प्रकाशित करते हुए वर्तमान भर्ती में सम्मिलित किया जाना हैं इस क्रम में सभी को सूचित किया जाता हैं कि निगम में प्राप्त रिकॉर्ड अनुसार कुल 8012 व्यक्तियों द्वारा आवेदन किया गया था जिनकी सूची संलग्न–1 पर उपलब्ध हैं, इन आवेदनों में से 6232 को जाँच के उपरान्त अपात्र पाया गया जिनकी सूची संलग्न–2 पर उपलब्ध तथा पात्र पाये आवेदकों की सूची सलंग्न–3 पर हैं। यह जाँच राज्य सरकार के निर्देशानुसार तत्कालीन सभापति, आयुक्त, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष की कमेटी द्वारा किया गया था।

इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता हैं कि जिन व्यक्तियों को 2012 में अपात्र पाया गया हैं वह सभी व्यक्ति वर्तमान में पुनः आवेदन कर सकते हैं, तथा इनके आवेदन की जाँच वर्तमान नियमों के अनुसार की जायेगी।

निदेशालय स्वायत्त शासन विभाग नोटिफिकेशन एफ–1(ग)का/स.कर्म.भ./एस.एम.ई./एल एस जी/18/1528 दिनांक 20.04.2018 द्वारा राज्य की नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारी की भर्ती हेतु संशोधित विज्ञापन 2/2018 के द्वारा निम्नानुसार संशोधित किया जाता है।

1. विज्ञापन संख्या 1/12 एवं 2/12 हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों में दो वर्ष का अनुभव चाहा गया था लेकिन विज्ञापन संख्या 1/18 में आवेदकों से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी एक वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र मांगा गया है। अतः पूर्व आवेदकों को नवीन भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 1/18 में वांछितानुसार सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी अनुभव प्रमाण–पत्र संबधित नगरीय निकाय में दिनांक 15.05.2018 से पूर्व प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। उक्त तिथि तक अनुभव प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नही किये जाने पर आवेदन चयन हेतु लाटरी प्रक्रिया में अपात्र होगा।
2. विज्ञापन संख्या 1/12 एवं 2/12 में प्राप्त आवेदन पत्रों के साथ शपथ पत्र की अनिवार्यता नही रखी गई थी लेकिन विज्ञापन संख्या 1/18 में दिनांक 01.06.2002

के पश्चात् तीसरी संतान नही होने एवं एक ही नगरीय निकाय में एक ही आवेदन प्रस्तुत करने के शपथ–पत्र की की अनिवार्यता रखी गई है। अतः पूर्व आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में दिनांक 15.05.2018 तक शपथ–पत्र संबधित निकाय में प्रस्तुत करना होगा।

3. विभागीय वेबसाईट www.lsg.urban.rajasthan.gov.in व जनसम्पर्क निदेशालय की वेबसाईट www.dipronline.org पर अपलोड़ विज्ञापन क्रमांक 548 दिनांक 13.04.2018 में आवेदन पत्र के साथ सलंग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की सूची के क्रम संख्या–2 में अंकित सक्षम अधिकारी जारी कार्य–अनुभव प्रमाण–पत्र (यदि कोई हो तो) में से (यदि कोई हो तो) वाक्यांश एवं अनुभव प्रमाण–पत्र के निर्धारित प्रारूप में "गैंर सरकारी संस्था" वाक्याशं को तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

जिन व्यक्तियों का नाम संलग्नक–1 में मौजूद हैं तथा संलग्नक–2 अपात्र की सूची में नहीं हैं, उन सभी व्यक्तियों के पूर्व आवेदन को वर्तमान भर्ती में पात्र मानते हुए सम्मिलित किया जायेगा। यह दोनों सूचियाँ निगम की वेबसाईट www.udaipurmc.org तथा सभी सेक्टर कार्यालयों में देखी जा सकती हैं।

आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर